मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ) (क) और(ख) जी,हां.अनुसांधन एंव विकास उपकर एक्ट,1986 जो 1 दिसम्बर,,1987 को लागू हुआ,के आधार पर उपकर का संग्रहा किया जाता है ।

(ग) 431.32 करोड़ रूपये ।

(घ) और (ड़) उपकर के व्युत्पत्र राशि को सर्वप्रथम भारत के संचित कोष में जमा किया जाता है । इस प्राप्ति से जैसा कि संसद वारा विनियोजित किया गया था,केन्द्रीय सरकार ने इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया(आई डी बी आई) एंव तत्प्श्चात् प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड को कोष उपलब्ध कराया । अभी तक सरकार ने 57.84 करोड़ रूपये जारी किये है । प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास तथा उनके वाणिज्यिक अनुप्रयोग अथवा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड एक्ट 1995 के प्रावधानों के तहत व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी के अतंरण का प्रयास करने वाले औद्योगिक समुत्थानों तथा अन्य एजेंसियों को इक्विटी पूंजी तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध करता है ।

धनराशि की कमी से अनुसंधान और विकास पर व्यय में कमी

2853. **श्री राम जेठमलानी**: क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 जनवरी,1997 को दैनिक हिन्दू में प्रकाशित "लैंक ऑफ फंड्स हिट्स आर एण्ड डी इन साइंस"शीर्षक समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां,तो क्या यह सच है कि देश में अनुसंसधान और विकास पर किया जा रहा व्यय विश्व के विकासशील और विकसित देशों में इस मद में किये जा रहे औसत व्यय की तुलना में कम हैं;

(ग) यदि नहीं,तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान देश में अनुसंसधान और विकास पर वार्षिक रूप से सकल घरेलू उत्पाद का कितना प्रतिशत खर्च किया गया है; और

(घ) विश्व के विकासशील और विकसित देशों में देशवार इस प्रकार के कर्च की प्रतिशतता कितनी है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) जी,हां ।

(ख) और (ग) भारत में अनुसंधान और विकास पर किया जाने वाला खर्च उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सकल राष्ट्रीय उत्पाद की प्रतिशतता के आधार पर विकसित देशों तथा कुछेक विकासशील,देशों यथा-मित्र,सिंगापुर,दक्षिण कोरिया की तुलना में कम हैं । लेकिन यह कई विकासशील देशों यथा-अर्जेंटीना,ब्राजील चीन,इंडोनशिया फिलिपीन्स की तुलना में अधिक हैं । निरपेक्ष संज्ञा के तौर पर,भारत का अनुसंधान एंव विकास खर्च 1992-93 के 5004.67 करोड़ रूपयों से बढ़कर 1994-95 में 6821.02 करोड़ रूपये हो गया है । इस अवधि के दौरान अनुसंधान एंव विकास पर खर्च सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर करीब 0.8 रहा है ।

(घ) यूनिस्कों सांख्यिकी ईयर बुक 1995 के आधार पर कुछेक विकसित तथा विकासशील देशों का उनके सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर अनुसंधान एंव विकास खर्च नीचे दिया गया हैं:-

देश	संदर्भ वर्ष	अनुसंधान एंव विकास व्यय सकल राष्ट्रीय उत्पाद के प्रतिशत के तौर पर
अर्जेन्टीना	1988	0.3
आस्ट्रेलिया	1990	1.4
ब्राजील	1985	0.4
कनाडा	1991	1.6
चीन	1992	0.5
मित्र	1991	1.0
जर्मनी(एफ आर जी)	1989	2.8
फ्रांस	1991	2.4
इंडोनेशिया	1988	0.2
इजराइल	1990	2.1
जापान	1991	3.0
कोरिया गणराज्य	1992	2.1
पाकिस्तान	1990	0.9
फिलीपीन्स	1984	0.1
सिंगापुर	1987	0.9
स्वीडन	1997	2.9
ब्रिटेन	1991	2.1
संयुक्त राज्य अमेरिका	1988	2.9